दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 03／11／2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर विभिन्न नदी–घाटों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि छठ घाटों की साफ–सफाई और घाटों पर प्रकाश की उचित व्यवस्था समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाएं और आम लोग भी जुटे हुये हैं। छठ घाटों तक जाने वाले मार्गों को समतल करने के साथ बैरिकेटिंग भी की जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में गंगा घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। इधर, औरंगाबाद जिले की सूर्यनगरी देव में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध चार दिवसीय छठ मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि देव छठ मेले के अवसर पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने और सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किये गए हैं।

————————————————————————

रेलवे, त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए आज दिल्ली से देश के विभिन्न भागों के लिए लगभग बीस विशेष रेलगाडियां चला रहा है। इनमें दरभंगा, बरौनी, पटना, कटरा, मुजफ्फरपुर, बलिया, कामाख्या और आज़मगढ़ के लिए विशेष ट्रेन शामिल हैं। वहीं, छठ पूजा के लिए एक सौ पैंतालीस अतिरिक्त रेलगाडियां इस महीने की दो से आठ तारीख तक चलाई जा रही हैं। इस प्रकार प्रतिदिन लगभग दो लाख अतिरिक्त यात्रियों के लिए रेल यात्रा सुगम बनाई जा रही है। रेलवे ने त्योहारों के दौरान एक अक्तूबर से तीस नवम्बर के बीच लगभग सात हजार विशेष रेलगाडियों की व्यवस्था की है। इस दौरान एक करोड से भी अधिक यात्रियों का आवागमन सुनिश्चित होगा। रेलवे प्रतिवर्ष त्योहारों के दौरान लाखों यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रेलगाडियों का परिचालन करता है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष दो हजार आठ सौ अधिक रेलगाडियां चलाई जा रही हैं।

————————————————————————

समस्तीपुर रेल मंडल में छठ पूजा के बाद यात्रियों की सुगम वापसी के लिए पचहत्तर जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने समस्तीपुर में बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए समस्तीपुर, दरभंगा और सहरसा सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों से दिल्ली और अमृतसर के साथ अन्य लंबी दूरी के मार्गों पर यह विशेष ट्रेन चलाई जाएगी।

————————————————————————

भाजपा नेता निखिल आनन्द ने पटना जिला प्रशासन से बिहटा एयर फोर्स स्टेशन के पास स्थित सूर्य मंदिर घाट पर छठ पूजा करने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। श्री आनन्द ने कहा कि इस क्षेत्र में तेंदुआ देखा गया है, जिसे पकड़ने के लिए कारगर कदम उठाने की जरूरत है।

————————————————————————

भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दीपावली के दो दिन बाद मनाए जाने वाला यह ऐसा पर्व है, जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है और बहनें अपने भाई की खुशहाली की कामना करती हैं। इधर, चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर कायस्थ समुदाय के लोग विधि–विधान से चित्रगुप्त भगवान की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। इस मौके पर पटना सहित पूरे प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को भाई दूज की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह पावन अवसर भाई–बहन के आपसी स्नेह–भाव को और प्रगाढ़ करेगा। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोगों को चित्रगुप्त पूजा और भाई दूज की बधाई दी है।

————————————————————————

जनसंघ के पूर्व नेता और भाजपा के संस्थापक सदस्य कैलाशपति मिश्र की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यालय में समारोह का आयोजन कर कैलाशपति मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित की

गई। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

पछुआ हवा के प्रभाव के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में अधिकतम तापमान में गिरावट हुई है। राजधानी पटना सहित कई जिलों में अधिकतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले पाँच दिनों के दौरान राज्य के तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नही है।

---

समाप्त